भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
(जनसम्पर्क निदेशालय)

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः "सी एन एस / ए टी एम सिस्टमों में साईबर सुरक्षा अनुमान एवं अल्पीकरण योजनाओं" पर भाविप्रा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

नई दिल्ली, अगस्त 05, 2014 – भाविप्रा मुख्यालय में 4 अगस्त, 2014 को "सी एन एस / ए टी एम सिस्टमों में साईबर सुरक्षा अनुमान एवं अल्पीकरण " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न हवाई अड्डो / स्टेशनों पर आटोमेशन के प्रचालित तथा रखरखाव एवं अन्य नेटवर्क सेंट्रिम सिस्टमों से जुड़े हुए अधिकारियों ने भाग लिया।

यह कार्यशाला विमान यातायात नियंत्रण हेतु प्रयोग किए जा रही सी एन एस / ए टी एम प्रणालियों पर विशेष रुप से बल देकर साईबर सुरक्षा पर विचार विमर्श हेतु प्रणाली की सुरक्षा की दृष्टि से अल्पीकरण हेतु थी। इसका उद्घाटन श्री आलोक सिन्हा, आ.ए.एस, अध्यक्ष भाविप्रा द्वारा किया गया तथा अपने संबोधन में उन्होने बताया कि भाविप्रा राष्ट्रीय क्रिटिकल परिवहन अवसंरचना का एक भाग है तथा इसे बचाने की आवश्यकता है। श्री वी सोमासुन्दरम, सदस्य ए.एन.एस ने अपने संबोधन में बताया कि क्रिटिकल ए एस एन अवसंरचानाओं में लोग, प्रक्रियाओं , सूचना, संशोधन, सुविधाओं तथा उपकरण इत्यादि शामिल होते है जिनकों साइबर अपराध से बचाने की आवश्यकता है। श्रीमति उपमा श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी, भाविप्रा जोकि इस अवसर पर उपस्थित थी ने इस पहल की सराहना की तथा उन्होनं साइबर सुरक्षा नीति के विकास हेतु प्रक्रिया को फास्ट ट्रेक से पूर्ण करने पर बल दिया।

सी एन एस / एटी एम प्रणाली अवसंरचना के बचाव का तात्पर्य है कि सूचना तथा संचार तकनीक सुरक्षा, भौतिक सुरक्षा तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के माध्यम से सी एन एस / ए टी एम प्रणाली अवसंरचना का बचाव करना है। इस में तात्पर्य अपातकाल अथवा आपदाओं के दौरान सर्विस की निरंतुरता के प्रावधान भी शामिल है। सुविधाओं में नियंत्रम टावर तथा हवाई अड्डे भी शामिल है। उपकरणों में सुधार, दिक्चालन तथा निगरानी (सी एन एस) तथा सूचना प्रणाली शामिल है।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में सी एन एस / ए टी एम प्रणालियों के समक्ष पेश आ रहीं विभिन्न कामियों तथा खतरों के बारे में चर्चा की गई। इस कार्यशाला में थ्रट(threat) एक्टरों का अनुमान लगाने तथा खतरों को भाग लेने के आधार पर ए एन एस साइबर सुरक्षा प्राणाली, आंतरिक लेखा परीक्षा तथा अखिल भारतीय सी एन एस / ए टी एम हेतु अल्पीकरण योजना के विकास तथा खतरों के अल्पीकरण की नीति को चालू करने तथा एन सी 11 पी

सी तथा ए टी आर ओ द्वारा जारी सरकारी नीति के दिशा-निर्देशो के अनुसार निरंतर प्रचालन उपलब्ध करने तथा प्रभाव में कमी लाने के किए तीन समितियां बनाई गई है।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत ब्यौरे के लिए कृपया संपर्क करे
महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 9810025069
011-24622787
सं 30 / 2014-15

दिनांक 4 अगस्त 2014 को "सी एन एस / ए टी एम प्रणालियों में साइबर सुरक्षा – अनुमान एवं अल्पीकरण योजनाओं " पर एक दिवसीय कार्यशाला का श्री आलोक सिन्हा, आई एस अध्यक्ष भाविप्रा द्वारा उद्घघाटन किया। कार्यशाला के उद्घाटन के तुरन्त बाद श्री वी. सोमासुन्दरम, सदस्य (ए एन एस) मामले पर चर्चा करते हुए चित्र में दिख रहे है।